पे या तो 'तेल कंपनियों' अथवा तेल चयन बोर्डों में संसाधन के विभिन्न चरणों में हैं।

मध्य प्रदेश और उड़ीसा के जिलों में एल० पी० जी० एजेंसियां

2986. **कुमारी सईदा खातून :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) मध्य और उड़ीसा के उन जिलों की संख्या कितनी है जहां एल. पी. जी. एजेंसियां विद्यमान हैं और उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जहां ये स्थित हैं ;

(ख) क्या जनता को पेश आ रही दिक्कतों को देखते हुए मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में किसी नई एजेंसी की स्वीकृति दिये जाने का विचार है ; और

(ग) क्या सरकार जनता की सुविधा के लिए उड़ीसा में मयूरभंज जिले में एल. पी. जी. और पेट्रोलियम की आपूर्ति के लिए नई एजेंसियां खोलने की स्वीकृति देने का भी विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) फिलहाल, मध्य प्रदेश के 45 जिलों में उड़ीसा के 13 जिलों में क्रमशः 207 और 75 डिस्ट्री-ब्यूटरशिपों के नेटवर्क के माध्यम से ए. पी. जी. का विपणन किया जाता है । उपर्युक्त स्थानवार सूचना को एकत्र करने में शामिल प्रयास, इससे प्राप्त किए जाने वाले लोक हित के अनुरूप नहीं होगा।

(ख) और (ग) जी, नहीं वर्तमान नीति के अनुसार नई एल. पी. जी. डिस्ट्रीब्यूटरशिपें उन कस्बों और शहरों में स्थापित की जाती हैं जहां की जनसंख्या 20,000 अथवा इससे अधिक हो जहां विपणन की संभावना हो।

Facilities in Osmania General Hospital, Hyderabad

2987. SHRIPRABHAKARRAO KALVALA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that patients are not getting proper medical treatment in the Osmania General Hospital Hyderabad due to shortage of proper medical equipments;

(b) whether it is also a fact that the Japanese Government is willing to give certain advance medical equipments as grants-in-aid to the hospital but the matter is pending consideration with the Central Government;

(c) if so, what are the details thereof and by when the proposal is likely to be cleared; and

(d) whether any aid was provided by the Central Government to the above Hospital, if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RASHEED MASOOD): (a) to (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

शीतल पेयों पर प्रतिबंध

2988. **डा० अ रार अहमद खान :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार क याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कुछ समय पूर्व समाचार पत्रों में प्रकाशित इस आशय के समाचारों की जानकारी है कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के कारण लिम्का तथा कुछ अन्य शीतल पेयों के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाना चाहिए ;

(ख) लिम्का और ऐसे अन्य शीतल पेयों पर लगे प्रतिबन्ध को अब तक लागू न किए जाने के क्या कारण हैं ; और